हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

बुधवार, 18 नवम्बर, 2026/27, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न 5

जनसंकल्प सम्मेलन

*4079 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**
श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 11 दिसम्बर, 2025 को सरकार द्वारा आयोजित जनसंकल्प सम्मेलन पर कितना व्यय हुआ; ब्यौरा क्रमवार दें;

(ख) हिमाचल पथ परिवहन निगम की इस कार्यक्रम हेतु कितनी बसें लगाई गई थीं डिपोवार ब्यौरा दें तथा निगम द्वारा सरकार को भेजे गए परिवहन शुल्क के पत्र की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) कितनी धनराशि का भुगतान किया जा चुका है, कितनी शेष है व शेष धनराशि का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

गुज्जर समुदाय

***4377 श्री हरदीप सिंह बावा (नालागढ़):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले जाति प्रमाण-पत्र में "गुज्जर" के स्थान पर "हिन्दू गुज्जर" अंकित किए जाने संबंधी कोई अधिसूचना, शासनादेश, परिपत्र अथवा विभागीय निर्देश जारी किए गए हैं;

(ख) क्या जाति प्रमाण-पत्र में "हिन्दू गुज्जर" अंकित होने के कारण सिख धर्म का पालन करने वाले गुज्जर समुदाय के अभ्यर्थियों को भारतीय सेना, अर्द्धसैनिक बलों एवं अन्य सरकारी सेवाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है; यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई; और

(ग) क्या सरकार इस विषय पर पुनर्विचार कर भविष्य में पात्र व्यक्तियों के जाति प्रमाण-पत्रों में केवल "गुज्जर" अंकित किए जाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

रिक्तियां

***4551 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरा-मेडिकल स्टाफ के पद रिक्त होने तथा आवश्यक उपकरणों/मशीनों की कमी से मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है; यदि हां, तो आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, क्षेत्रीय, जिला, सिविल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रवार स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद तथा उपलब्ध/अनुपलब्ध आवश्यक उपकरणों का ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक इन श्रेणियों के कितने पद भरे गए तथा कितने कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए;

(ग) इस अवधि में हिमकेयर योजना के अंतर्गत कितने लाभार्थी पंजीकृत एवं मरीज उपचारित हुए; अस्पतालों को कितनी धनराशि का भुगतान किया गया तथा कितनी लंबित है; वर्षवार एवं अस्पतालवार ब्यौरा दें; और

(घ) लंबित हिमकेयर भुगतान तथा चिकित्सक, पैरा-मेडिकल स्टाफ एवं आवश्यक उपकरणों की कमी को दूर करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

आई0आर0डी0पी0 चयन

***4736 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में आई0आर0डी0पी0 चयन की नवीनतम प्रक्रिया कब आरम्भ हुई तथा वर्तमान में इसमें चयन का कौन-सा चरण चल रहा है; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या चयन हेतु अभ्यर्थियों/लाभार्थियों को आय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है; यदि हां, तो प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया, निर्धारित समय-सीमा तथा राजस्व अधिकारियों द्वारा जारी किए गए प्रमाण-पत्रों का ब्यौरा दें; यदि प्रमाण-पत्र समय पर जारी नहीं हुए हैं, तो विलंब के क्या कारण हैं?

एक पेड़ माँ के नाम

***4770 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**
श्री दीप राज (करसोग) :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत लगाए गए पौधों की संख्या, व्यय एवं जीवित पौधों का ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक CAMPA से प्राप्त केंद्रांश तथा वनीकरण, वन संरक्षण, वन्यजीव प्रबंधन, पारिस्थितिकी सुधार एवं अन्य कार्यों पर वर्षवार/मदवार व्यय, कार्यवार स्वीकृत/व्यय लागत, स्थान, वर्तमान स्थिति तथा जियो-टैग/फोटोग्राफ सहित ब्यौरा दें;

(ग) CAMPA निधि से वेतन, मानदेय अथवा प्रशासनिक व्यय का नियम सम्मत प्रावधान, वर्षवार/मदवार व्यय तथा सेवानिवृत्त/अन्य व्यक्तियों एवं वन मित्रों को किए गए भुगतान का नियम एवं आधार क्या है;

(घ) उपरोक्त निधि से किए गए कार्यों की जियो-टैगिंग एवं फोटोग्राफ सार्वजनिक करने की व्यवस्था का ब्यौरा दें; और

(ङ) वन मित्रों की श्रेणी, नियुक्ति/सेवा शर्तें, कार्य-दायित्व, नियमितीकरण हेतु सेवा अवधि एवं वर्तमान नीति का वन मंडलवार ब्यौरा दें; वन रक्षक, वन मित्र एवं अन्य फील्ड कर्मचारियों के वन मंडलवार स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद तथा रिक्तियां भरने की समय-सीमा क्या है?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**
14 नवम्बर, 2026. **सचिव**